<u>समाचार</u>

निगम का बजट भारी बहुमत से पारित

(बजट सहित कुल 03 प्रस्ताव बहुमत से, 05 प्रस्ताव सर्वसम्मति से किये गये पारित, वहीं 01 प्रस्ताव को रखा गया होल्ड पर)

कोरबा 25 मार्च 2026 – आज सम्पन्न नगर पालिक निगम कोरबा के साधारण सम्मिलन में पुनरीक्षित बजट वर्ष 2025–26 एवं बजट वर्ष 2026–27 भारी बहुमत से पारित किया गया, इस पर केवल 04 सदस्यों ने हाथ उठाकर अपना विरोध दर्ज कराया। इसी प्रकार निगम के बजट सहित कुल 03 प्रस्ताव बहुमत से पास किये गये, जबकि 05 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुये, वहीं बुधवारी बाजार पुनर्विकास परियोजना संबंधी 01 प्रस्ताव फिलहाल होल्ड पर रखा गया है।

नगर पालिक निगम कोरबा के सभापति श्री नूतन सिंह ठाकुर की अध्यक्षता तथा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय की विशिष्ट उपस्थिति में निगम के पं. जवाहरलाल नेहरू सभागार में आज बुधवार को निगम का साधारण सम्मिलन आयोजित किया गया। सम्मिलन के प्रारंभ में पार्षदों द्वारा पूछे गये प्रश्न एवं उनके उत्तर सदन के समक्ष रखे गये, वहीं साधारण सभा की इतिहास में पहली बार 30 मिनट का ध्यानाकर्षण का समय भी आरक्षित किया गया था, 05 सदस्यों द्वारा विभिन्न विषयों पर सदन का ध्यान आकृष्ट कराया गया, उन पर चर्चा हुई तथा उठाये गये प्रश्नों के उत्तर सदन में प्रस्तुत किये गये। आज सम्पन्न बैठक में सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजना की स्वीकृति की पुष्टि संबंधी प्रस्ताव **सर्वसम्मति से,** राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना की स्वीकृति की पुष्टि संबंधी प्रस्ताव **सर्वसम्मति से** तथा

मुख्यमंत्री पेंशन योजना की स्वीकृति की पुष्टि संबंधी प्रस्ताव भी **सर्वसम्मति से** पारित किया गया, वहीं एजेंडे के बिन्दु क्र. 06 में उल्लेखित बुधवारी बाजार पुनर्विकास परियोजना से जुड़े प्रस्ताव को **होल्ड पर रखा गया।** इसी प्रकार डी.बी.एफ.ओ.टी. मोड पर पी.पी.पी. आधार पर कोरबा नगर निगम में मुड़ापार तालाब के डिजाईन, विकास, वित्त पोषण संचालन प्रबंधन और रखरखाव के लिये रियायतग्राही के चयन के लिये प्रस्ताव हेतु अनुरोध का प्रस्ताव **बहुमत से पारित किया** गया, वहीं डी.बी.ओ.टी. पी.पी.पी.माडल अंतर्गत 15 वर्ष की लाईसेंस अवधि के लिये ए.टी.एम./दैनिक उपयोग की दुकान व अन्य सुविधा के साथ–साथ संचालन व संधारण सहित वातानुकूलित बस क्यू.शेल्टर निर्माण संबंधी प्रस्ताव को **भी बहुमत से पास किया गया।** स्व.केशवलाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता वर्ष 2026 के आयोजन हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव को **सर्वसम्मति से** एवं नगरीय क्षेत्रों में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग सामाजिक प्रस्थिति के प्रमाणीकरण की नियम 2013 के तहत जाति प्रमाण पत्र जारी करने संबंधी प्रस्ताव को भी **सर्वसम्मति से** सदन द्वारा पारित किया गया। तत्पश्चात महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत द्वारा नगर पालिक निगम कोरबा के वित्तीय वर्ष 2025–26 का पुनरीक्षित बजट एवं वर्ष 2026–27 के अनुमानित आम बजट को सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया, महापौर श्रीमती राजपूत ने सदन में अभिभाषण प्रस्तुत किया, बजट पर विस्तार से चर्चा हुई, सदन में तत्समय उपस्थित कुल सदस्यों में से 04 सदस्यों ने हाथ उठाकर बजट पर अपना विरोध दर्ज कराया, अंत में नगर पालिक निगम कोरबा का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2025–26 एवं बजट वर्ष 2026–27 **भारी बहुमत** के साथ पारित किया गया।